हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 02 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ पत्रकार और लेखक उमेश उपाध्याय के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।उल्लेखनीय है कि 64 वर्षीय उमेश उपाध्याय दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज में भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के दौरान चौथी मंजिल से गिर गए थे। सिर में गम्भीर चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष पहली जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वो, विधानसभा आम चुनाव से पहले आज शाम तक वोट बनवा सकते हैं।श्री अग्रवाल ने बताया कि अगर 27 अगस्त को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में किसी का नाम नहीं है तो वो, ब्लॉक लेवल अधिकारी के पास या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फार्म 6 भरकर वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आज शाम तक प्राप्त हुए सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वोट बनाने का कार्य किया जाएगा, और ऐसे सभी नागरिक जिनका आवेदन सही पाया जाएगा, उनका वोट बनाते हुए उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कि विधानसभा चुनाव के लिए 27 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है जो सभी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है। इसके अलावा, विभाग की वेबसाइट ceoharyana.gov.in पर मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके कोई भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर

हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट को चेक किया जा सकता है।

....

जींद के पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार को सोमवती अमवस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर तर्पण किया।ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर कल श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए और वाहनों की पार्किंग के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई।

महाभारत काल से ही सोमवती अमवस्या पर यहां पिण्डदान करने का विशेष महत्व है मन जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने पूर्वजो की शांति के लिए यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमवस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की और अमवस्या आने पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिण्डदान किया ।तब से ही यहां श्रद्धालु यहां पूर्वजों के लिए मोक्ष कि कामना के साथ पिण्डदान करते है ।वहीँ कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर पर आज विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की और पितृ शांति के लिए पिण्डदान व अन्य विधि विधान किए।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस परालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी- 47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर निषाद कुमार को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने एथलीट निषाद कुमार के उत्साह और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की औr कहा कि देश को उन पर गर्व है।

....

पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय एथलीट प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी-35 स्पर्धा के फाइनल में 30.01 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इसके साथ, प्रीति एथलिटिक्स में दो पैरालिंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय

महिला बन गई हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें दो पैरालिंपिक पदक जीतने पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को उन गर्व है।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने भी प्रीति को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री धनखड ने कहा है कि वे खेल के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रीति को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे देश की जनता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।इस बीच, प्रधानमंत्री ने पदक विजेताओं से फोन पर बात की और उन्हें पदक जीतने पर बधाई दी।

भिवानी में कल डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पंजाब और हरियाणा सहित हिमाचल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से कुल 83 शिशकों को सम्मानित किया गया, इनमे से हरियाणा के 60 एवं अन्य राज्यों के 23 शिक्षकों को डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक पुरस्कार से नवाज़ा गया। सम्मान समारोह के दौरान शिक्षा की अलख अलख जगाने के साथ साथ पर्यावरण व जल सरंक्षण,नशा मुक्त भारत,स्वच्छता अभियान व अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए,मुख्यातिथि कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहाँ कि शिक्षक समाज के शिल्पकार है जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है।